अंदर के पेजों पर पढ़ें 2 6 7

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 10 अंक-42 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 07 नवम्बर से 13 नवम्बर 2023 पृष्ठ-8 मूल्य -2



टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। एथिक्स कमेटी ने जो रिपोर्ट बनाई है, उसके पक्ष में 6 वोट पड़े हैं। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। एथिक्स कमेटी ने जो रिपोर्ट बनाई है, उसके पक्ष में 6 वोट पड़े हैं।

## 4 दिसंबर से शुरू हो रहा संसद का शीतकालीन सत्र, ये बड़े बिल किए जाएंगे पेश



**संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। इस सत्र में कई अहम बिल पेश किए जाएंगे।**

संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। इस सत्र में कई अहम बिल पेश किए जाएंगे। इस बार का तो संसद का विशेष सत्र भी खास रहा था जिसमें ना सिर्फ नई संसद भवन का उद्घाटन हुआ, बल्कि महिला आरक्षण बिल को भी पूर्ण बहुमत के साथ पारित करवा दिया गया। अब शीतकालीन सत्र के लिए भी सरकार के पास कई अहम बिल हैं जिन पर चर्चा भी होने जा रही है और उन्हें पारित भी करवाया जा सकता है।

ये सत्र कुल 19 दिनों तक चलने वाला है और कुल 15 बैठकें होंगी। इस दौरान सबसे अहम तो आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम की जगह लेने वाले तीन प्रमुख विधेयकों को माना जा रहा है जिस पर पिछले सत्र के दौरान भी चर्चा हुई थी। संसद की एक कमेटी ने इन विधेयकों पर काफी मंथन भी कर रखा है और सभी ने अपनी राय रखी है। इसके अलावा मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर भी एक बिल पेश किया जा सकता है।

उस विधेयक के मुताबिक मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों का दर्जे को कैबिनेट सचिव के बराबर कर दिया जाएगा। अभी के लिए विपक्ष के कई नेताओं को इस विधेयक से भी दिक्कत है और इसका विरोध किया गया है।

## और भव्य बनेगा अयोध्या-इन 14 फैसलों पर योगी सरकार ने लगाई मुहर




**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, आज उत्तर प्रदेश के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ा है। यूपी सरकार की पूरी कैबिनेट अयोध्या धाम आई है और यह ऐतिहासिक है।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को घोषणा की कि उनके मंत्रिमंडल ने अयोध्या के विकास से संबंधित 14 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। सरयू नदी के तट पर स्थित रामकथा मंडप (सभागार) में उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया। इस दौरान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, आज उत्तर प्रदेश के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ा है। यूपी सरकार की पूरी कैबिनेट अयोध्या धाम आई है और यह ऐतिहासिक है।

क्या बोले ष्ट्रूयोगी?

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास को लेकर एक अहम बैठक हुई है जिसमें कई अहम फैसले लिए गए हैं। सीएम ने कहा,हम जानते हैं कि केंद्र और राज्य सरकार की 30,500 करोड़ रुपये से अधिक की 178 योजनाएं पहले से ही अयोध्या में चल रही हैं, आज पहला प्रस्ताव जल परिवहन को बढ़ावा देने और जल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश में अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरणकी स्थापना का था।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, आज उत्तर प्रदेश के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ा है.

यूपी सरकार की पूरी कैबिनेट अयोध्या धाम आई है. यूपी के विकास को लेकर आज अहम बैठक हुई. हम जानते हैं कि केंद्र और राज्य की सरकार 30,500 करोड़ रुपये से अधिक की 178 योजनाएं अयोध्या में पहले से ही चला रही है.उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके कैबिनेट सहयोगियों ने अयोध्या के राम कथा संग्रहालय में विशेष कैबिनेट बैठक में हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा, आज कैबिनेट बैठक में 14 महत्वपूर्ण प्रस्ताव लाए गए. पहला प्रस्ताव उत्तर प्रदेश में अंतर्देशीय वाटर वे अथॉरिटी की स्थापना का थाज्हमने राज्य स्तर पर इस प्राधिकरण को बनाने का निर्णय लिया है।

यूपी सीएम ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र की तारीखों की भी घोषणा की। यूपी विधानसभा का शीतकालीन सत्र 28 नवंबर से शुरू होगा और सत्र की अवधि एक सप्ताह लंबी होने की संभावना है। इससे पहले सीएम योगी ने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण स्थल का दौरा किया।



## टक्कर से दंपती घायल

**इंदौर।** महू नाका चौराहे पर एक्टिवा सवार प्रशांत पिता आशुतोष शर्मा निवासी उषा नगर एक्सटेंशन और पत्नी पुष्पा शर्मा को कार ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों घायल हो गए। पुलिस ने कारचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज क्या है।

## युवक का पर्स चुराया

**इंदौर।** फरियादी देवेंद्र पिता विजय शंकर राठौर निवासी वृंदावन कॉलोनी ने पुलिस को बताया कि वह राजबाला चौराहा पर खरीदारी कर रहा था तभी अज्ञात व्यक्ति ने पर्स चुरा लिया जिसमें 5947 रुपए नकदी और क्रेडिट एटीएम कार्ड रखा था। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया है।

## दो लोगों को धमकाया

**इंदौर।** फरियादी वीरेंद्र पिता राजाराम गहलोत निवासी न्यू गोरी नगर के साथ विशाल कुशवाहा ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। वही गाड़ी अड्डा क्षेत्र में रहने वाले गोपाल वर्मा के साथ अशोक पाल ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज किया है।

## झगड़ा करते पांच बंदी

**इंदौर।** गांधीनगर पुलिस ने गोम्मदगिरि के पास आपस में झगड़ा करते हुए सुरेश पिता देवीलाल दिलीप पिता कांतिलाल अजय पिता मनोहर और दो अन्य को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ धारा 107 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## किशोर का अपहरण

**इंदौर।** समाजवाद इंदिरा नगर में रहने वाले कैलाश पिता सुंदर सिंह पवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका 15 वर्षीय बेटा राहुल को अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण की धारा में केस दर्ज क्या है।

## गांजा सहित पकड़ा

**इंदौर।** पुलिस सेंट्रल कोतवाली ने मुखबिर की सूचना पर राजू उर्फ कालू पिता ओमप्रकाश चौहान निवासी नार्थ तोड़ा को पकड़ा और इसके पास से4×0 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के है केस दर्ज किया है।

## कार के कांच फोड़े

**इंदौर।** फरियादी मनीष पिता हरिश्चंद्र त्रिपाठी निवासी क्लर्क कॉलोनी की घर के बाहर खड़ी टवेरा कार के कांच देर रात अज्ञात बदमाशों ने फोड़ दिए। फरियादी मनीष त्रिपाठी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## अधेड़ की संदिग्ध मौत

**इंदौर।** सुरेश पिता कन्हैया लाल मौर्य 55 साल निवासी विजयनगर देवास को परिजन बेहोशी की हालत में बड़े अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित किया। पुलिस के मुताबिक पीएम रिपोर्ट के बाद मौत के कर्म का खुलासा हो सकेगा। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## चाकू सहित चार धराएं

**इंदौर।** रावजी बाजार पुलिस ने जितेंद्र पिता रामस्वरूप गुर्जर और विनोद पिता उमाशंकर मालवीय को पकड़ा इनके पास से दो चाकू बरामद किए इसी प्रकार मल्हारगंज पुलिस ने शेखर पिता मदन लाल यादव और कमल पिता प्रहलाद वर्मा को पकड़ा इनके पास से भी दो चाकू बरामद किए हैं। सभी के खिलाफ धारा 25 एक्ट का केस दर्ज किया है।

## देवर ने की छेड़छाड़

**इंदौर।** अहिरखेड़ी में रहने वाली महिला की शिकायत पर देवर राजेश पिता देवनारायण प्रजापत के खिलाफ धारा ×54 का केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने घर में महिला को अकेली देखकर छेड़छाड़ की थी।

## किशोर को ब्लेड मार

**इंदौर।** नंदनवन कॉलोनी में रहने वाले 16 वर्षीय दीपक पिता राजेंद्र सिसोदिया ने पुलिस को बताया कि आरोपी दिनेश पिता मोहनलाल ने ब्लेड से हमला कर दिया और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# बुजुर्ग दंपति की कार के कांचफोड़ने वाले दोनों आरोपी को अनूठी सजा दी

**इंदौर 5 नवंबर विजयनगर क्षेत्र में बुजुर्ग की कार को बाइक सवार ने टक्कर मार दी फिर बाइक सवार दोनों ने कार पर पत्थर मारकर कांच फोड़ दिया। पुलिस कमिश्नर ने दोनों को अनूठी सजा सुनाई है।**

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह चौहान के मुताबिक दोनों विजयनगर क्षेत्र में कार से जा रहे बुजुर्ग दंपति की कार को दो बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। बुजुर्ग दंपति ने कहा कि बेटा गाड़ी देख कर चलाया करो इस पर दोनों गुस्से में आ गए और उन्होंने सड़क पर पड़ा एक 20 किलो का पत्थर उठाकर उनकी कर पर मारकर कांच फोड़ दिए। दंपति की रिपोर्ट पर विजयनगर पुलिस ने दोनों आरोपी सलमान पिता शाकिर खान निवासी छोटी खजरानी और अमन के खिलाफ केस दर्ज कर उनको गिरफ्तार किया था। दोनों के खिलाफ पुलिस कमिश्नर की कोर्ट में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। इस पर कोर्ट ने दोनों आरोपियों को आदेश दिया कि वे 6 महीने का ना तो खुद गाड़ी चलाएंगे ना ही किसी की गाड़ी के पीछे बैठ सकेंगे यदि उन्होंने पालन नहीं किया तो उनके खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के लिए थाने से पुलिस जवान उनके घर गया और आसपास के लोगों को एकत्रित कर माइक से मुंडी की गई।

# मजदूर से मोबाइल लूटने वाले दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार

इंदौर 6 नवंबर चंदननगर पुलिस ने दो ऐसे लुटेरों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने एक मजदूर को धक्का देकर मोबाइल फोन छीन लिया था। दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले दोनों फरियादी सलमान शेख को चंदू वाला रोड पर बाइक सवार दो बदमाश धक्का देकर मोबाइल फोन छीन कर भाग गए थे। फरियादी सलमान ने पुलिस को बताया कि वह घरों में पुताई का काम करता है और पुताई करने के बाद वह घर जा रहा था तभी यह घटना हुई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया था। टी आई इंद्रेश त्रिपाठी ने आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम गठित की। टीम में घटनास्थल और आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज चेक किया इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक मोबाइल फोन सस्ते दामों में बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। पुलिस ने दोनों को पकड़ा और थाने लाकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम विकास और मोईन बताया है। दोनों ने सलमान शेख से मोबाइल लूटने कबूल किया है। आरोपियों ने बताया कि नशे की लत को पूरा करने के लिए वह मोबाइल लूटने थे।

# पौने दो लाख का जुआ पकड़ा, जुआरी गिरफ्तार

**इंदौर** 6 नवंबर बाणगंगा पुलिस ने एक जुआ के अड्डे पर छापा मारकर जारी को गिरफ्तार करें के पास से पौने दो लाख रुपये जप्त किए हैं। आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार टी आई नीरज बिरथरे को मुखबिर से सूचना मिली कि सांवेर रोड पर जुआ का अड्डा चल रहा है। टी आई के निर्देश पर उप निरीक्षक दीप सिंह परमार के नेतृत्व में पुलिस ने छापा मारा तो आरोपियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने यहां से राजेश पिता लक्ष्मी चंद योगी निवासी शिवकांत नगर राकेश पिता राम सिंह निवासी ग्राम भोरासला हरिराम पिता तोताराम पवार निवासी बाणगंगा और शुभम पिता रमेश कुमावत निवासी बाणगंगा आदि को पकड़ा इनके पास से एक लाख 75000 बरामद किए हैं। सभी के खिलाफ 1× जवान एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है। इसी प्रकार विजयनगर पुलिस ने मालवीय नगर से प्रवेश पिता जब्बार पटेल निवासी छोटी खजरानी सरदार पटेल निवासी मालवीय नगर असलम पिता इब्राहिम पटेल हनीफ पिता अलाउद्दीन शेख निवासी मालवीय नगर सलीम पिता कालू चौधरी और हामिद पिता अलाउद्दीन को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है इनके पास से 12 हजार 600 रुपए बरामद किए हैं। सभी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## बदमाश ने पानी पतासे नहीं देने पर मारा चाकू, केस दर्ज

**इंदौर** 6 नवंबर द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में पानी पतासे बेचने वाले युवक को बदमाश ने चाकू से जानलेवा हमला किया और भाग गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रात्रि 11×0 बजे गुरु शंकर नगर की है। फरियादी अंकुर पिता रामधनी कुशवाहा 2× साल ने पुलिस को बताया कि वह 60 फीट रोड पर पानी पतासे का ठेला लगाता है और रात्रि 11×0 बजे वह बर्तन धो रहा था तभी एक अज्ञात युवक आया और बोला कि पानी पतासे दे मैंने कहा कि मैं दुकान बंद कर दी है अब नहीं दूंगा इसी बात को लेकर उसने गालियां देते हुए मारपीट की और फिर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला किया और भाग गया। इसी प्रकार फरियादी मनीष पिता राजेश शेखावत 27 साल निवासी संजय गांधी नगर ने पुलिस को बताया कि छगन पिता प्रहलाद आया और बोला कि तू बाउंड्री बाल क्यों बनवा रहा है मैंने कहा कि यहां बाउंड्री बल मेरे खेत पर बनवा रहा हूं इसी बात को लेकर उसने गालियां दी उसे गाली देने से मना किया तो उसने चाकू से हमला किया और धमकी देकर फरार हो गया। भंवरकुवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। वही जवाहर टेकरी के पास रहने वाले घनश्याम पिता ओमप्रकाश पाल को पैसे के लेनदेन की बात को लेकर अर्जुन पिता विष्णु ने चाकू मार दिया जिसमें वह घायल हो गया।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## फोरलेन रोड पर दर्दनाक सड़क हादसा

# नौकरी पर बाइक से जा रहे लड़का लड़की की ट्रक ने ली जान

**इंदौर 6 नवंबर किशनगंज थाना अंतर्गत फोरलेन रोड पर रविवार दोपहर बाइक से नौकरी पर जा रहे लड़का और लड़की को तेज रफ्तार में दौड़ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रक जप्त कर आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रविवार दोपहर 2 फोरलेन रोड स्थित पुलिया पर हुई। जांच अधिकारी उप निरीक्षक महेंद्र सिंह गौतम के मुताबिक कार्तिक पिता महेश 18 साल निवासी जुनी भैंस लाई क्षेत्र में रहने वाली शिवानी पिता नंदराम 17 साल को मोटरसाइकिल पर बिठाकर नौकरी पर जा रहे थे तभी ट्रक क्रमांक द्व द्ध 18 ड्ड 5 6422 के चालक में लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिसमें दोनों सड़क पर जा गिरे। दोनों को गंभीर चोट आई इन 108 एम्बुलेंस से महू अस्पताल ले जाया गया यहां से उन्हें बड़े अस्पताल रेफर किया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित किया। दोनों ग्राम सन सोनवाई में स्थित एक कंपनी में नौकरी करते है। रोज की तरह दोनों मोटरसाइकिल से नौकरी पर जा रहे थे जो हादसे का शिकार हो गए। किशनगंज पुलिस ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ धारा ×04 का केस दर्ज किया है। इसी प्रकार मांगलिया में बीती रात ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार किशोर पिता राम प्रताप वर्मा और जगदीश पिता कन्हैया लाल मौर्य दोनों निवासी चंद्रावतीगंज गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्जी किया है। वही पिपलियाना चौराहे पर कार की टक्कर से एक्टिवा सवार देवेंद्र पिता रामचंद्र दुबे निवासी वैभव नगर घायल हो गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

# धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज की तिथि, पूजन के शुभ मुहूर्त

**दीपावली का त्योहार पूरे 5 दिन का होता है और इसका आरंभ धनतेरस से होता है और भाई दूज पर जाकर समाप्त होती है। लोग अपने घरों को सजाते हैं और साफ-सफाई करते हैं। धन की देवी मां लक्ष्मी और गणेशजी की पूजा होती है। आइए आपको बताते हैं इन पांचों दिनों के त्योहार के बारे में और देखें सभी का शुभ मुहूर्त। दीपावली हर साल कार्तिक मास की अमावस्या को मनाई जाती है और इस साल यह त्योहार 12 नवंबर को मनाया जाएगा।**

दीपावली का शुभारंभ धनतेरस के दिन से ही हो जाता है और भाई दूज तक यह 5 दिवसीय उत्सव मनाया जाता है। सबसे पहले धनतेरस, फिर नरक चतुर्दशी, उसके बाद बड़ी दिवाली, फिर गोवर्द्धन पूजा और सबसे आखिर में भाई दूज पर इस पर्व की समाप्ति होती है। आइए आपको बताते हैं पांचों दिनों के इन त्योहारों के बारे में विस्तार से और जानते हैं सभी का शुभ मुहूर्त।

## धनतेरस कब है

धनतेरस इस बार 10 नवंबर को मनाई जाएगी। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस मनाई है। पौराणिक मान्यताओं में यह बताया गया है कि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को समुद्र मंथन से भगवान धनवंतरी प्रकट हुए थे और उनके हाथ में अमृत से भरा कलश था। उन्हें विष्णु भगवान का अवतार माना जाता है। धनतेरस को उनके प्राकट्योत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन धन के देवता कुबेरजी और धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है और सोने-चांदी के अलावा बर्तनों की खरीद करते हैं। धनतेरस को लेकर ऐसी मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई वस्तुओं में 13 गुना वृद्धि होती है और आपको धन की कमी नहीं होती। त्रयोदशी तिथि का प्रारंभ 10 नवंबर को दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर होगा और अगले दिन 11 नवंबर को दोपहर में 1 बजकर 57 मिनट पर समाप्त होगी। धनतेरस का त्योहार प्रदोष काल में मनाया जाता है, इसलिए यह शुक्रवार को 10 नवंबर को होगा।

## नरक चतुर्दशी या छोटी दिवाली कब है

दीपावली से एक दिन पहले और धनतेरस के अगले दिन नरक चतुर्दशी या छोटी दिवाली मनाई जाती है। यह



कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी होती है और इसे रूप चौदस, नरक चौदस और काली चौदस भी कहते हैं। चतुर्दशी तिथि का आरंभ 11 नवंबर को दोपहर में 1 बजकर 57 मिनट से होगा और समापन अगले दिन 12 नवंबर को दोपहर में 2 बजकर 44 मिनट पर होगा। इसलिए उदया तिथि के अनुसार नरक चतुर्दशी 12 नवंबर को ही मनाएंगे। इसी दिन दीपावली भी मनाई जाएगी। जो लोग इस दिन काली पूजा करते हैं और यमदीप जलाते हैं वे 11 नवंबर को नरक चतुर्दशी मना सकते हैं।

## दीपावली कब है


दीपावली कार्तिक अमावस्या को होती है और इस दिन भगवान राम लंका को जीतकर अयोध्या लौटे थे और उनका स्वागत नगरवासियों ने घी के दीपक जलाकर किया था। इस उपलक्ष्य में हर साल हम लोग चारों तरफ दीए जलाकर खुशियां मनाते हैं। इस दिन गणेश भगवान और मां लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व होता है। गणेशजी हमें सभी अच्छे कार्यों में शुभ लाभ प्रदान करते हैं और मां लक्?मी हमें धनवान बनाती हैं। कार्तिक अमावस्या तिथि का आरंभ 12 नवंबर को 2 बजकर 44 मिनट पर होगा और समापन 13 नवंबर को दोपहर 2 बजकर 56 मिनट पर होगा। दीपावली की पूजा भी धनतेरस की तरह प्रदोष काल में करना शुभ माना जाता है। इसलिए दीपावली 12 नवंबर को मनाई जाएगी।

## गोवर्द्धन पूजा कब है

दीपावली के अगले दिन 13 नवंबर को कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा के दिन गोवर्द्धन पूजा की जाती है। इंद्र भगवान ने क्रोध में आकर जब भीषण वर्षा करवाई थी तो भगवान कृष्ण ने सभी गोकुल वासियों की रक्षा करने के लिए गोवर्द्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठा लिया था पर्वत के नीचे खड़े होने से सभी लोगों की जान बच पाई थी। इस उपलक्ष्य में हर साल कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को गोर्व्धन पूजा का पर्व मनाया जाता है।

## भाई दूज कब है

भाई दूज यानी के यम द्वितीया का पर्व बुधवार 15 नवंबर को मनाया जाएगा। यह पर्व भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को समर्पित है। इस दिन बहनें अपने भाई के माथे पर तिलक करके और उनकी आरती करके लंबी उम्र की कामना करती हैं। मान्यता है कि इस दिन यमराज भी अपनी बहन यमुना से मिलने उनके घर आए थे।



# टाइगर 3 की एडवांस बुकिंग से थर्राया जवान

## हैदराबाद में टिकट के लिए लगी लंबी लाइन

**सलमान खान, कटरीना कैफ और इमरान हाशमी की टाइगर 3 की रिलीज में तीन दिन बाकि है। ऐसे में टाइगर 3 जी जान लगाकर एडवांस बुकिंग पर फोकस किए है। अब देखना ये है कि कैसे ये जवान और पठान जैसी साल की सबसे बड़ी फिल्मों को टक्कर दे पाती है।**





बॉलीवुड एक्टर सलमान खान साल की दूसरी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ला रहे हैं। किसी का भाई किसी की जान के बाद अब वह टाइगर 3 में नजर आएंगे। बीते शुक्रवार को यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स टाइगर 3 की एडवांस बुकिंग शुरू हुई। सलमान खान, कटरीना कैफ और इमरान हाशमी की फिल्म ठीक दिवाली पर रिलीज हो रही है। महज 6 दिनों के अंदर टाइगर 3 की साढ़े तीन लाख से ज्यादा टिकटें बिक चुकी है। माना जा रहा है कि पहले दिन फिल्म को तगड़ी ओपनिंग मिल सकती है। आइए बताते हैं सात दिन में टाइगर 3 ने प्री-रिलीज में कितने करोड़ कमा लिए हैं।

मंगलवार तक 2 लाख 88 हजार 515 टिकटें टाइगर 3 की बुक हुई थीं। यानी फिल्म ने 8 करोड़ का बिजनेस करने में सफलता हासिल की थी। अब sacnilk की रिपोर्ट के मुताबिक, टाइगर 3 ने बुधवार तक 9.89 करोड़ रुपये का कारोबार प्री-रिलीज में कर लिया है। जी हां, इसकी 36 लाख 34 हजार टिकटें एडवांस बुकिंग में बिक चुकी हैं। 2डी में 343992 टिकटें तो आईमैक्स 2डी में साढ़े सात हजार से ज्यादा टिकटों की बिक्री हुई। वहीं, 4डीएक्स में 1584 टिकटों की सेल हुई।

### टाइगर 3 की एडवांस बुकिंग

तेलुगू में टाइगर 3 ने 12 लाख 46 हजार रुपये का एडवांस बुकिंग कलेक्शन किया तो तमिल में ये आंकड़ा महज 20 हजार रहा। लेकिन नोटिस करने वाली बात ये है कि आंध्र और निजाम में टाइगर 3 रिकॉर्ड कायम कर सकती है। जी हां, अब तक की टॉप 10 फिल्मों में टाइगर 3 को जगह मिल सकती है।



## अब ऑस्ट्रेलियाई टीम वर्ल्ड कप ..

# मैक्सवेल की पारी को देखकर रिकी पोंटिंग ने वर्ल्ड क्रिकेट के सामने कर दिया बड़ा ऐलान




**अफगानिस्तान के खिलाफ जीत हासिल कर ऑस्ट्रेलियाई टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है. मैक्सवेल ने अकेले दम पर यह मैच ऑस्ट्रेलिया को जीता दिया था. वर्ल्ड कप के लीग स्टेज में ऑस्ट्रेलियाई टीम आखिरी मैच 11 नवंबर को बांग्लादेश के साथ खेलने वाली है.**

ग्लेन मैक्सवेल ने वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में शानदार 201 रनों की पारी खेली थी. मैक्सवेल की धुआंधार पारी ने हर किसी को हैरान कर दिया था. ऑस्ट्रेलियाई विस्फोटक बल्लेबाज ने जिस अंदाज में बल्लेबाजी कर ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत दिलाई थी, उसने विश्व क्रिकेट के कई दिग्गोजों को हैरान कर दिया था. कई पूर्व दिग्गजों ने मैक्सवेल की पारी को ऐतिहासिक करार दिया था. सचिन ने भी सोशल मीडिया मंच पर रिएक्ट कर मैक्सवेल की पारी की तारीफ की थी. वहीं, अब रिकी पोंटिंग ने भी मैक्सवेल की इस पारी को कमाल का और अद्भूत करार दिया है।



ऑस्ट्रेलियाई पूर्व कप्तान ने आईसीसी से बात करते हुए मैक्सवेल को लेकर अपनी बात कही है।

पोंटिंग ने कहा, मैंने काफी क्रिकेट खेला है. लेकिन ऐसा पहले कभी नहीं देखा था और अगर मैं फिर कभी ऐसा कुछ अपने जीवन में देखूंगा तो मुझे बहुत आश्चर्य होगा. पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने आगे कहायह सबसे अनोखी चीज थी जो आपने क्रिकेट में शायद कभी देखी हो. हेडिंग्ले में साल 2019 में तीसरा एशेज टेस्ट जीताने के लिए बेन स्टोक्स की वह टेस्ट पारी कुछ ऐसी ही थी जो मैंने पहले कभी नहीं देखी थी और मुझे लगता है कि यह उससे भी आगे निकल गई है।

पोंटिंग ने इसके अलावा ये भी कहा कि,अफगानिस्तान के खिलाफ मैक्सवेल की यह ऐतिहासिक पारी ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना विजयी क्रम जारी रखने के लिए अहम साबित हो सकती है, और उन्हें यह विश्वास देगी कि वो अब यहां से विश्व कप जीत सकते हैं।


RESIDENTIAL PLOTS
FOR SALE




तुरन्त रजिस्ट्री। तुरन्त पजेशन

PLOT SIZE:-
12*50 = 600, SQFT
15*40= 600SQFT
15*50= 750SQFT
20*50= 1000 SQFT

1111/- SQFT
Book an appointment now:
8889066688, 9109639404

WWW.GATEWAYGHAR.IN

# MP इलेक्शन

# नेताओं ने कहां, क्या कहा-PM बोले- गठबंधन के नेता कितना नीचे गिरेंगे; प्रियंका ने अहिरावण से BJP की तुलना की



**मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में बीजेपी और कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दमोह, गुना और मुरैना में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। वहीं, प्रियंका गांधी ने इंदौर के सांवेर, देवास के खातेगांव में सभा और इंदौर विधानसभा क्रमांक-1 में रोड शो किया।**

गुना में प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महिलाओं पर दिए बयान को भद्दा बताया। क्करूमोदी ने कहा, %घमंडिया गठबंधन के एक बहुत बड़े नेता, जो इनका झंडा लेकर घूम रहे हैं, उन्होंने विधानसभा में माताओं-बहनों की उपस्थिति में ऐसी भद्दी भाषा में बातें कीं, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्हें कोई शर्म नहीं। कितना नीचे गिरेंगे। दुनिया में देश का अपमान करा रहे हैं।

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने सांवेर में क्चछ्वक्क की तुलना अहिरावण से की। कहा, %अहिरावण ने जिस तरह भगवान राम और लक्ष्मण जी से छल किया, उसी तरह आपके साथ भी कुछ बहरूपियों ने छल किया। आपकी चुनी हुई सरकार चोरी की और उसे %भ्रष्टाचार लोक% में ले गए। अगर आज आप हनुमान नहीं बनेंगे, तो यहां से जो छल शुरू हुआ, उसे कौन ठीक करेगा?



केजरीवाल बोले- जो 75 साल में नहीं कर पाए, हमने 5 साल में किया

दिल्ली के ष्टरू अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान बुधवार को गुना जिले की चांचौड़ा विधानसभा में पहुंचे। यहां उन्होंने आप प्रत्याशी ममता मीणा के समर्थन में रोड शो किया। ष्टरू केजरीवाल ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस की सरकार जो पिछले 75 वर्षों में नहीं कर पाई। आम आदमी पार्टी ने वो पांच वर्ष के कर के दिखा दिया।



शिवराज बोले- एमपी कांग्रेस में दो-दो धृतराष्ट्र हैं

सीएम शिवराज सिंह चौहान ने बड़वानी और सेंधवा में सभा ली। उन्होंने सेंधवा की सभा में कहा-% खड़गे जी ने मान लिया कि वे कौरव हैं, महाभारत में तो एक ही धृतराष्ट्र थे जो अपने बेटे को राज्य दिलाने के लिए लड़ रहे थे और कौरवों के अंत के कारण बने, लेकिन एमपी कांग्रेस में तो दो-दो धृतराष्ट्र हैं, जो पुत्रों को स्थापित करने में पूरी कांग्रेस की तिलांजलि देकर मानेंगे।'

**7 दिन बचे हैं, देखेंगे पैसा, पुलिस, प्रशासन किधर जाए- कमलनाथ**

गासांवेर में पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि निवेश विश्वास से आता है। 15 महीने के लिए हमारी सरकार थी। मैं भी सौदा कर सकता था। कुर्सी जाती है तो जाए, लेकिन मैंने सौदा नहीं किया। बीजेपी के पास पुलिस, पैसा और प्रशासन बचा है। 7 दिन बचे हैं। फिर कमलनाथ देखेंगे पैसा, पुलिस प्रशासन किधर जाएगा।





परम पूज्य माता जी श्री निर्मला देवी । 7 मार्च 1981

आपको बस अपने आप को स्वीकार करना है, बस हो गया। सहजयोग ठीक इसी तरह से आसान है। आप मेरे सामने एक आसान सा प्रश्न पूछें, ₹माँ, क्या मैं आत्मा हूँ, क्या मैं स्वयं का गुरु हूँ?₹ आप अपने स्वंय के गुरु हैं, लेकिन पहले आपको आत्मसाक्षात्कार लेना होगा। उससे पहले माँ आपकी गुरु हैं, लेकिन एक बार जब आप आत्मसाक्षात्कार प्राप्त कर लेते हैं तो आप स्वयं के गुरु बन जाते हैं ।.........

अब मैं करती यह हूँ, कि मैं आपको अपने हृदय में धारण करती हूँ और आपको आपके सहस्त्रार के द्वारा निर्मल जन्म देती हूँ।.... आप परमात्मा के प्रेम के सागर की तुलना में कितने पाप कर सकते हैं? मैं प्रेम के सागर की बात कर रही हूँ। अतः अगर आपके अंदर प्रकाश आ गया है, तो आप अपने प्रति दयालु बनें । अपने ऊपर दया करें। आप आत्मा के पूजा स्थल हैं।

# आचार संहिता के दौरान 830 वाहनों पर कार्रवाई-सबसे ज्यादा 252 वाहन ऐसे, जिन पर राजनीतिक पदनाम, नेम प्लेट या फिर लिखा था एमपी गवर्नमेंट



चुनाव आयोग के निर्देश पर परिवहन विभाग की चेकिंग टीम शहर के अलग-अलग हिस्सों में चेकिंग अभियान चला रही है। अभियान में विभाग की टीम ने दो महीने में 830 वाहनों पर (आचार संहिता के दौरान 600 से ज्यादा वाहनों पर) कार्रवाई की है। इनमें सबसे ज्यादा कार्रवाई आचार संहिता के दौरान उन वाहनों पर हुई, जिन्होंने अनधिकृत रूप से एमपी गवर्नमेंट या फिर राजनीतिक पदनाम, राजनीतिक दल के प्रतिनिधि या फिर राजनीतिक पार्टी से जुड़े होने पर उससे जुड़ी नेम प्लेट लगा रखी थी। अनधिकृत रूप से लगे 95 वाहनों पर हूटर-सायरन तत्काल मौके पर ही हटाए गए। साथ ही चालानी कार्रवाई भी की गई।

परिवहन विभाग ने चेकिंग के लिए खासतौर पर 4 टीमें बनाई हैं, जो शहर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार चेकिंग कर रही हैं। आरटीओ प्रदीप शर्मा ने बताया चुनाव आयोग के निर्देश पर विभाग ने यह कार्रवाई की। अनधिकृत पदनाम, नामपट्टी का उपयोग करने वाले वाहनों पर की गई कार्रवाई की संख्या सबसे अधिक 252 है। विभाग ने डेढ़ महीने में 830 वाहनों पर कार्रवाई की है। इनसे 9 लाख 34 हजार 100 रुपए जुर्माना वसूला है। विभाग का अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

# इंदौर में 100 करोड़ के टैक्स क्लब में करदाता घटे, लेकिन कुल टैक्स बढ़ा

**मालवा क्षेत्र से सरकार की तिजोरी में 10 करोड़ से ज्यादा का आयकर केवल एडवांस्ड टैक्स के रूप में देने वाले करदाताओं में पिछले साल के मुकाबले इजाफा हुआ है। इसमें 3 ऐसे भी करदाता हैं, जिन्होंने 100 करोड़ रुपए से अधिक का टैक्स भरा है। विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष जिन करदाताओं द्वारा एडवांस्ड टैक्स भरा गया था, उनमें इंदौर क्षेत्र से 100 करोड़ रुपए से भी अधिक टैक्स भरने वाले 3 करदाता शामिल हैं। यह आंकड़ा पिछले साल से एक कम है। इन तीन करदाताओं ने ही मिलकर 615 करोड़ का टैक्स एडवांस्ड टैक्स के रूप में जमा किया है।**

पिछले साल जिन 4 करदाताओं ने 100 करोड़ से अधिक का टैक्स भरा था, उन्होंने मिलकर 574 करोड़ का टैक्स जमा किया था, जो तीन बड़े करदाताओं के इस साल के एडवांस्ड टैक्स से कम है। वहीं अगले साल के लिए अब तक दो किस्तों के माध्यम से एक करदाता ने 100 करोड़ से अधिक का एडवांस टैक्स अब तक जमा कर दिया है और 9 करदाताओं ने 10 करोड़ से अधिक का एडवांस्ड टैक्स जमा किया है, जिसकी 2 किस्तें अभी बाकी है। 10 करोड़ से अधिक का एडवांस्ड टैक्स भरने वालों की संख्या देखें, तो इस असेसमेंट वर्ष में 26 करदाताओं ने 10 करोड़ से अधिक का एडवांस्ड टैक्स दिया है। पिछले वर्ष ऐसे करदाताओं की संख्या 23 थी। 100 करोड़ टैक्स से जुड़ी हैं मैन्युफैक्चरिंग और कोयले के क्षेत्र में कार्यरत कंपनियां 100 करोड़ रुपए से अधिक टैक्स भरने वाले करदाताओं में क्षेत्र के तीन ऐसे उद्योग शामिल हैं, जो मैन्युफैक्चरिंग और कोयले के क्षेत्रों में सालों से कार्यरत हैं। वहीं एक अन्य कंपनी जिसके द्वारा पिछले साल तक 100 करोड़ रुपए से अधिक का एडवांस्ड टैक्स भरा जाता था, उक्त कंपनी में आ रही कुछ परेशानियों के चलते इस वर्ष उसका नाम 100 करोड़ क्लब से हट गया है।

# इस दिपावली पर्व पर जलाये अपना आत्मदीप

**हिरण्यवर्णां हरिणीं सुर्वण रजतमजाम चंद्रा हिरणमयी लक्ष्मीं जातवेदो म आवह प्रतिवर्ष दीपावली के शुभ पर्व पर हम लक्ष्मीजी की आराधना करते है। प. पू. श्रीमाताजी कहते है, दीप का अर्थ है आत्मदीप और दिपावली मनाना अर्थात हमारा आत्मतत्व जागृत करना बडी विनम्रता से हम आपको बता हे, सहजयोग महालक्ष्मी पथ है। भारतीय शास्त्र ग्रंथ में इस नही लक्ष्मी को बडा व माना गया है। इस शकली के कारण हमे हमारा आत्मबोध प्राप्त होता है।**

प.पूज्य श्रीमाताजी कहते है जिस व्यक्ती मे आत्मा बनने की इच्छा नही उसका जीवन इस दिव्य आनंद से अछूता, अपूर्ण रहेगा! हमारा जीवन रसपूर्ण और आनंदमय बनाने के किये हमे इस शक्ती को जगाना पड़ेगा। महालक्ष्मी तत्व जाग्रत हुए बगैर उत्क्रांती नही हो सकती।

यह एक सोपान है, जिसके माध्यम से कुंडलीनी शक्ती उर्ध्वगामी होती है भारत मे थी लक्ष्मी को धनदेवी स्वरूप मे पूजा गया। श्री लक्ष्मीजी के सभी प्रतिको का वर्णन संत और पैंगबरो ने किया परंतु सामान्यजण इसे नही समझ सकें। और केवल धन को ही लक्ष्मी रूप मे पूजने लगे। प.यू श्रीमाताजी कहते है, भी लक्ष्मीजी एक हात से दान देते है और दूसरे हाथ थे आश्रय ।लक्ष्मीपनी का अर्थ करोडपती नहीं, बल्की ऐसा व्यक्ती जिसका हृदय विशाल हो, जो प्रेममयी हो, करुणामयी हो, उसके व्यक्तीमत्व मे नित्व एक मार्गदर्शक गुरुत्व हो ! लक्ष्मी तत्त्व है, ज्यो हमे संतुलन प्रदान करता है हमे विवेकवान बनाता है, हमारे यम 1 मे परमेश्वर और सत्य के प्रति पेग निर्माण करता है। महालानी के आशिर्वाद से हम समाधानी बनते है, आत्मानंद लेने लगते । महालक्ष्मी तत्व जब उदार और मस्तक में प्रवेदन करता है तब हम सामूहिक बन जाते है। हम जातिभेद, वर्णभेद, आपा, प्रांतभेद, गरिबी- थी मेत्री का भेद उल सबसे ऊपर उठले है। इस तत्व से हमारी सहस्त्रार प्रकाशीत होता है। इसलिय श्रीसूकते मे हम जातवेध आग्ले से प्रार्थना करते है, हे अग्ने ।जिस श्री महालक्ष्मीजी की सूवर्ण समान कोती है, ज्यो हरीस्वरूप है जिसके नयन नयुगुल करुणामयो % हिरणजैसे मोहक और प्रेमपूर्ण है, जिन्होंने सुर्वर्णरत्नजडीत मालाये धारण की है, ज्यो चंद्रमा के समान शीतल आल्हाददायीनी है और ज्यो हमारे लत्व को हृदयकमल मे उन्हें हमारे विराजीत आत्म प्रकाशित करने वाली है इस देहरूपी मानवी करे! पवित्रगृह मे अर्थात काया में भेजने

की कृपा क आईये इस दीपावली मे हम श्री महालक्ष्मी को हृदय से प्रार्थना करते है, हमारा आत्मदीप प्रकाशित कर सही मायने में दीपावली मनाते है। हमारा आत्मसाक्षात्कार पाते है।

# इंदौर पहुंची किसान-मजदूर बचाओ यात्रा-संयुक्त किसान मोर्चा ने रखी कर्ज माफी और समर्थन मूल्य सहित 166 मांगे,10 नवंबर को सोनकच्छ में होगा समापन



**3 अक्टूबर लखीमपुर खीरी हत्याकांड की तीसरी बरसी के दिन भोपाल से निकली किसान-मजदूर बचाओ यात्रा शुक्रवार को इंदौर पहुंची। यात्रा 52 जिलों में भ्रमण करेगी। इंदौर 44वां जिला है। 10 नवंबर को देवास जिले के सोनकच्छ में यात्रा का समापन होगा।**

संयुक्त किसान मोर्चा के अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा कक्का जी? ने यात्रा के ऐजेंडे को लेकर मीडिया से चर्चा करते हुए कहा, मप्र में भाजपा सरकार के 18 साल के भ्रष्टाचार और केंद्र और राज्य सरकारों के किसान विरोधी निर्णयों से किसानों को अवगत कराना और 15 महीने की कांग्रेस सरकार के निर्णयों से किसानों को अवगत कराना यात्रा का मूल उद्देश्य है।

उन्होंने कहा कि सरकार जिस अनुपात में हमारा सहयोग करेगी हम उसका उसी अनुपात में सहयोग करेंगे। वोट की बात हमने कभी नहीं की। किसान समझदार है उसे पता है किसका समर्थन करना है। जो सरकार हमारा शोषण करेगी, दमन करेगी हम उसका साथ नहीं देंगे।

शर्मा ने कहा कि कमलनाथ के किसान विरोधी होने को लेकर भाजपा सरकार झूठ बोल रही है। उन्हें काम करने का जितना मौका मिला उस हिसाब से उन्होंने 14600 करोड़ रुपए की पहली किस्त किसानों को दी। उन्होंने 22 जिलों को दूसरी किस्त भी पहुंचाई, लेकिन उसके बाद उनकी सरकार गिर गई।

शर्मा ने शिवराज सिंह चौहान सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि 2008 से भाजपा सरकार किसानों का 50 हजार करोड़ का किसानों का कर्ज माफ करने की बात कर रही है, लेकिन साढ़े 18 साल सत्ता में रहने के बावजूद उन्होंने किसानों का पांच पैसे का भी कर्ज माफ नहीं किया।

खाद्यान्न सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार को तीन बार पत्र लिख चुका हूं। हमारी मांग है कि फॉरेस्ट रिजर्व की तरह एग्रीकल्चर लैंड रिजर्व का प्रावधान भी सरकार को करना चाहिए, नहीं तो आने वाले वर्षों में देश को भारी खाद्यान्न संकट से जूझना पड़ेगा। सरकार को लैंड रिजर्व करते हुए उस पर कॉलोनी, कारखाने फोर लेन, सिक्स लेन बनाने को प्रतिबंधित करना चाहिए।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )